प्रादर्श प्रश्न – पत्र

विषय – समाजशास्त्र (104)

Subject - Sociology

कक्षा 12वीं

समय – 03 घण्टे पूर्णांक – 80

Time – 3 Hours Maximum Marks - 80

निर्देश :– (i) सभी प्रश्नों को हल कीजिए।

Instractions :- All Question are Compulsary

(ii) प्रश्न क्रमांक 1 से 20 तक अतिलघुउत्तरीय प्रश्न है। प्रत्येक प्रश्न पर 1 अंक आबंटित है। (शब्द सीमा – 20 है)

Question Nos. 1 20 are very short answer type questions. each question carries 1 Mark.

(iii) प्रश्न क्रमांक 21 से 29 तक लघुउत्तरीय प्रश्न पर 2 अंक आबंटित है। (शब्द –सीमा 30है)

Question Nos.21 to 29 are Short answer type questions. each question carries 2Marks.

(iv) प्रश्न क्रमांक 30 से 35 तक दीर्घउत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न में आन्तरिक विकल्प है। प्रत्येक प्रश्न पर 4 अंक आबंटित है।

Question Nos.30 to 35 are long answer type questions .each question has internal choice each question carries 4 Marks. (Maximum word limit of 75 words)

(v) प्रश्न क्रमांक 36 से 38तक दीर्घउत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न में आन्तरिक विकल्प है। प्रत्येक प्रश्न पर 6 अंक आबंटित है। (उत्तर की अधिकतम शब्द – सीमा 200 शब्द है)

Question Nos.18 to 24 are long answer type questions each question has internal choice each question carries 6 Marks. (Maximum word limit of 200 words)

प्रश्न 1.– मृत्यु और जन्म दर का क्या अर्थ है?

प्रश्न 2.– जनसंख्या की आयुसंरचना का क्या अर्थ है?

प्रश्न 3.– अदृश्य ' हाथ का क्या तात्पर्य है ?

प्रश्न 4.– उदारीकरण से क्या तात्पर्य हैं?

प्रश्न 5.– अस्पृश्यता क्या है?

प्रश्न 6.– सामजिक विषमता व्यक्तियों की विषमताओं से कैसे भिन्न है?

प्रश्न 7.– सामुदायिक पहचान क्यों होती हैं?

प्रश्न 8.– क्षेत्रवार क्या होता हैं?

प्रश्न 9.– उपनिवेशवाद का हमारे जीवन में किस प्रकार का प्रभाव पड़ता हैं?

प्रश्न 10.– चाय के बागान कहाँ स्थित हैं?

प्रश्न 11.– पश्चिमीकरण का साधारण अर्थ क्या होता हैं?

प्रश्न 12.– पश्चिमी पोशाकों व जीवन शैली का अनुकरण क्यों करते हैं?

प्रश्न 13.– भूमिहीन मजदूर किसे कहते हैं।

प्रश्न 14.– संविदा खेती पध्दति से क्या समझते हैं?

प्रश्न 15.– हड़ताल से आप क्या समझते हैं?

प्रश्न 16.– औद्योगिकरण का क्या अर्थ हैं?

प्रश्न 17.– भू– स्थानीयकरण क्या हैं?

प्रश्न 18.– भू मंडलीकरण और रोजगार से क्या समझते हैं?

प्रश्न 19.– जनसंपर्क के लिए संचार के कौन कौन से साधन हैं?

प्रश्न 20.– टेलीविजन भारत में ग्रामीण विकास को कैसे बढ़ावा दे रहा हैं?

प्रश्न 21.– स्त्री – पुरूष अनुपात का क्या अर्थ हैं?

प्रश्न 22.– जनसांख्यिकीय संक्रमण के सिंध्दांत के बुनियादी तर्क स्पष्ट कीजिए?

प्रश्न 23.– जाति विषमता को दूर करने के लिये अपनायी गई दो नीतियों का वर्णन कीजिए ?

प्रश्न 24.– सामजिक स्तरीकरण की दो विशेषताएं लिखिए ?

प्रश्न 25.– राष्ट्र को परिभाषित करना क्यों कठिन हैं?

प्रश्न 26.– संस्कार और पंथ निरपेक्षीकरण से क्या समझते हैं?

प्रश्न 27.– जेंडर और संस्कृतीकरण के बारे में बताइये?

प्रश्न 28.– अपने आसपास वाले किसी भी व्यवसाय को चुनकर वर्णन कीजिए ?

प्रश्न 29.– एक फैक्टरी में मैनेजर और कामगारों का संबंध कैसे होना चाहिए ?

प्रश्न 30.– किस तरह के एक बाजार जैसे कि एक साप्ताहिक ग्रामीण बाजार एक सामजिक संस्था हैं।

या

बाजार पर समाज शास्त्रीय दृष्टिकोण आर्थिक दृष्टिकोण से किस तरह भिन्न हैं?

प्रश्न 31.– अल्पसंख्यक (वर्ग) क्या होता हैं? अल्पसंख्यक वर्गो को राज्य से संरक्षण की क्यों जरूरत होती हैं।

या

सांप्रदायवाद या संप्रदायिकता क्या हैं?

प्रश्न 32.– औद्योगिकरण और नगरीयकरण में क्या संबंध होता है, लिखिए ?

या

औद्योगिकरण और नगरीयकरण में मुख्य अंतर क्या होता, है लिखिए ?

प्रश्न 33.— भारत में किसानों द्वारा आत्महत्या के विभिन्न कारणों का वर्णन कीजिए ?

या

नये किसान आंदोलन की विशेषताएं बताईये?

प्रश्न 34.— भूमण्डलीकरण भिन्न प्रकार के लोगों को किस प्रकार प्रभावित करता है, व्याख्या कीजिए ?

या

क्या भूमण्डलीयकरण परस्पर— संबंध विश्व और भारत के लिए नये हैं? विवेचना कीजिए?

प्रश्न 35.— संचार माध्यम लोकतंत्र के पहरेदार कैसे हों?

या

मीडिया लोकतंत्र के प्रहरी (वॉच डॉग) के रूप में किस प्रकार कार्य करता हैं?

प्रश्न 36.— जनजातियां आदिम समुदाय है, जो सभ्यता से अछूते रहकर अपना अलग — अलग जीवन व्यतीत करते हैं, इस दृष्टिकोण के विपक्ष में आप क्या साक्ष्य प्रस्तुत करना चाहेंगे?

या

सामाजिक संरचना में होने वाले परिवर्तन पारिवारिक संरचना में किस प्रकार परिवर्तन ला सकते हैं?

प्रश्न 37.— हित समूह प्रकार्यशील लोकतंत्र के अभिन्न अंगों के बारे में वर्णन कीजिए?

या

ग्रामीणों की आवाज को सामने लाने में 73 वां संविधान संशोधन अत्यन्त महत्वपूर्ण है, क्यों?

प्रश्न 38.— एक ऐसे समाज की कल्पना कीजिए, जहां कोई सामजिक आंदोलन न हुआ हो, विस्तृत वर्णन कीजिए?

या

भारत में पुराने तथा नए सामजिक आंदोलनों में स्पष्ट भेद करना कठिन है, वर्णन कीजिए ?